**Ref: STEX/Results/Published-2026-27** **Date: 28.05.2026**

**BSE Limited**
Department of Corporate Services-Listing
PJ Towers, Dalal Street
Mumbai- 400001

**National Stock Exchange of India Limited**
Exchange Plaza, Bandra Kurla Complex
Bandra (E) Mumbai- 400051

**Scrip Code- 539148**

**Symbol- SHIVALIK**

**Sub. : Copy of Publication for Audited Financial Results for the quarter and year ended on 31.03.2026**

Dear Sir,

The Board of Directors at their Meeting held on 27.05.2026 adopted the Audited Financial Results of the Company for the quarter and year ended on March 31, 2026.

The copy of the results published in the Financial Express and Vir Arjun dated May 28, 2026 is enclosed.

This is for your information and records.

Kindly acknowledge the receipt.

Thanking You,

Yours truly,
**For Shivalik Rasayan Limited**

Parul Arora
Digitally signed by Parul Arora
Date: 2026.05.28 11:00:33 +05'30'

**Parul Choudhary**
**Company Secretary & Compliance Officer**
**ACS-34854**

Encl: As above.

# Shivalik Rasayan Limited

Corporate Office: 1506, Chiranjiv Tower, 43, Nehru Place, New Delhi-19
CIN: L24237UR1979PLC005041 Tel: +91 11 47589500 (30 Lines), 26221811/26418182
E-Mail : info@shivalikrasayan.com Website: www.shivalikrasayan.com

## Statement of Audited Financial Results (Standalone and Consolidated) for the quarter and year ended on March 31, 2026

Based on the recommendation of Audit Committee, the Board of Directors of the Company, at their meeting held on May 27, 2026, approved the Audited financial results (Standalone & Consolidated) of the Company for the quarter and year ended on March 31, 2026.

The financial results along with Audit Report have been posted on the website of the Company at www.shivalikrasayan.com and can be accessed by scanning the QR code given below:

**For and on behalf of Board of Directors of Shivalik Rasayan Limited**
**Sd/-**
**Rahul Bishnoi**
**Director**
**DIN: 00317960**

**Place: New Delhi**
**Date: 27.05.2026**

### सीएम ने उत्तराखंड को श्रेष्ठ राज्य बनाने का संकल्प दोहराया

# राज्य स्तरीय एसडीजी एचीवर्स अवार्ड समारोह उदय शंकर नृत्य एवं संगीत अकादमी में हुआ आयोजित

देहरादून/अल्मोड़ा,(वीअ)। राज्य स्तरीय एसडीजी एचीवर्स अवार्ड समारोह अल्मोड़ा के उदय शंकर नृत्य एवं संगीत अकादमी में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग किया। इस वर्ष के लिए 32 संगठनों, व्यक्तियों, समूहों को उनके द्वारा किए गए नवाचारी एवं सतत पहलों के लिए सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त जिला स्तरीय एसडीजी की वार्षिक रैंकिंग में 6 जनपदों को शीर्ष तीन स्थान प्राप्त करने पर पुरस्कृत किया गया। मुख्यमंत्री ने पुरस्कृत विजेताओं को बधाई दी।



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने एसडीजी अचीवर्स अवार्ड समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि आज का यह अवसर उन सभी व्यक्तित्वों और संस्थाओं को सम्मानित करने का है जिन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में नवाचार, उत्कृष्ट कार्य एवं समाजहित में अनुकरणीय योगदान दिया है। उन्होंने सभी महानुभावों एवं संस्थाओं का स्वागत और अभिनंदन करते हुए कहा कि ऐसे कर्मयोगियों के बीच उपस्थित होना उनके लिए गौरव का विषय है, जिन्होंने अपने समर्पण, परिश्रम और संकल्प के बल पर समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए निरंतर कार्य किया है। मुख्यमंत्री ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) की प्राप्ति की दिशा में उल्लेखनीय योगदान देने वाले 32 ऊर्जावान औद्योगिक संस्थानों के प्रतिनिधियों को सम्मानित किया गया है। उन्होंने कहा कि इन संस्थानों ने यह सिद्ध किया है कि मजबूत इरादों और सीमित संसाधनों के बावजूद असाधारण उपलब्धियां हासिल की जा सकती हैं तथा साधारण से असाधारण की यात्रा तय की जा सकती है।

उन्होंने कहा कि उत्तराखंड जैसे पर्वतीय राज्य को प्रत्येक वर्ष अनेक चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, लेकिन जब पर्यावरण और विकास साथ-साथ चलते हैं तभी संतुलित एवं स्थायी विकास संभव होता है। यदि दोनों अलग-अलग हो जाएं तो विकास अधूरा रह जाता है। इकोलॉजी और इकोनॉमी की इसी सोच के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वर्ष 2030 तक सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में निरंतर कार्य किया जा रहा है।उन्होंने कहा कि सामूहिक प्रयासों का परिणाम है कि राज्य की जीडीपी में 7.23 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है तथा प्रति व्यक्ति आय में 4.1 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। साथ ही बेरोजगारी दर में रिकॉर्ड 4.4 प्रतिशत की कमी लाकर उत्तराखंड ने राष्ट्रीय औसत से बेहतर प्रदर्शन किया है।

कार्यक्रम में उपस्थित केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा ने कहा कि एसडीजी रैंकिंग में राज्य का श्रेष्ठ स्थान आना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के राज्य के प्रति लिए गए संकल्पों का परिणाम है। यह हमारे लिए गौरव की बात है जिसे हमारे राज्य के कर्मयोगियों ने सफल किया है।प्रमुख सचिव नियोजन तथा मुख्य कार्यकारी अधिकारी सेंटर फॉर पब्लिक पॉलिसी एंड गुड गवर्नेंस डॉ आर मीनाक्षी सुन्दरम ने एसडीजी की अवधारणा आदि पर विस्तार से प्रकाश डाला।

## गर्मी से राहत के आसार,बारिश का अलर्ट

देहरादून,(वीअ)। उत्तराखण्ड में भीषण गर्मी से राहत मिलने के आसार हैं। भारत मौसम विज्ञान विभाग, देहरादून द्वारा जारी पूर्वानुमान के अनुसार राज्य के विभिन्न जनपदों में आगामी दिनों में वर्षा, गर्जन, आकाशीय बिजली चमकने, ओलावृष्टि तथा तेज झोंकेदार हवाएं चलने की संभावना व्यक्त की गई है। भारत मौसम विज्ञान विभाग, देहरादून द्वारा दिनांक 27 मई, 2026 को जारी पूर्वानुमान के अनुसार दिनांक 28 मई को जनपद उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर एवं पिथौरागढ़ में ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। इन जनपदों में कहीं-कहीं गर्जन के साथ आकाशीय बिजली चमकने, ओलावृष्टि तथा 40-50 कि.मी. प्रति घंटा से बढ़कर 60 कि.मी. प्रति घंटा तक की गति से झोंकेदार हवाएं चलने की संभावना व्यक्त की गई है। इसके अतिरिक्त राज्य के शेष जनपदों में भी कहीं-कहीं गर्जन के साथ आकाशीय बिजली चमकने तथा 40-50 कि.मी. प्रति घंटा की गति से झोंकेदार हवाएं चलने की संभावना व्यक्त की गई है।

29 मई को राज्य के उत्तरकाशी, देहरादून, टिहरी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर एवं पिथौरागढ़ जनपदों में कहीं-कहीं गर्जन के साथ आकाशीय बिजली चमकने, ओलावृष्टि तथा 40-50 कि.मी. प्रति घंटा से बढ़कर 60 कि.मी. प्रति घंटा तक की गति से तेज हवाएं चलने की संभावना के साथ आरेंज अलर्ट जारी किया गया है। साथ ही उत्तरकाशी, देहरादून, टिहरी, रुद्रप्रयाग एवं चमोली जनपदों में कहीं-कहीं भारी वर्षा होने की भी संभावना व्यक्त की गई है। 30 मई तथा 31 मई के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है।

राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र द्वारा संबंधित जनपदों को सतर्क रहने तथा आवश्यक एहतियाती व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया है। संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखने, आपदा प्रबंधन से जुड़े विभागों को अलर्ट मोड में रखने तथा त्वरित कार्रवाई हेतु सभी आवश्यक संसाधनों को तैयार रखने के निर्देश दिए गए हैं। सचिव आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास विनोद कुमार सुमन ने प्रदेशवासियों से अपील की है कि खराब मौसम के दौरान अनावश्यक यात्रा से बचें, सुरक्षित स्थानों पर रहें तथा आकाशीय बिजली एवं तेज हवाओं के दौरान पेड़ों, बिजली के खंभों एवं कमजोर संरचनाओं से दूर रहें।

## संक्षिप्त समाचार

### हूटर बजाने व ब्लैक फिल्म लगाने पर पुलिस ने वाहन किया सीज

मसूरी,(वीअ)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद देहरादून के जनपद में चलाए जा रहे ऑपरेशन प्रहार अभियान के अंतर्गत पुलिस ने लाइब्रेरी चैक क्षेत्र में सघन चेकिंग अभियान चलाया। चेकिंग के दौरान एक काले रंग की स्कॉर्पियो वाहन संख्या यूपी 14 जीजेड 9315 को रोका गया और गहनता से वाहन की जांच करने पर पाया गया कि वाहन के शीशों पर अवैध रूप से ब्लैक फिल्म लगी हुई थी तथा वाहन में दो हूटर भी लगे हुए थे। इसके अतिरिक्त वाहन के आगे यूपी 14जीजेड 9315 तथा पीछे अस्थाई नंबर प्लेट टी 1225 डीएल 0466 लगी हुई थी, जिससे वाहन पर आगे-पीछे अलग-अलग नंबर प्रदर्शित होना पाया गया। उक्त वाहन चालक के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत अवैध हूटर, अवैध ब्लैक फिल्म व दोषपूर्ण नंबर प्लेट के तहत वैधानिक कार्यवाही करते हुए चालक का वीआईपी बनने के शौक की खुमारी स्कॉर्पियो वाहन को सीज कर उतारी और चालक को पैदल ही रवाना किया गया। मसूरी पुलिस ने जनता का आहवान किया कि कि वाहनों में ब्लैक फिल्म, अवैध हूटर एवं भ्रामक अथवा अलग-अलग नंबर प्लेट का प्रयोग न करें। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध आगे भी सख्त कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। सीज वाहन चालक निवासी दिल्ली है।

### 28,29 मई को बागेश्वर में आयोजित होगी मानवाधिकार आयोग की पीठ की बैठक

देहरादून,(वीअ)। उत्तराखंड मानवाधिकार आयोग की पीठ द्वारा दिनांक 28 एवं 29 मई को जनपद बागेश्वर स्थित ''विकास भवन सभागार'' में दो दिवसीय बैठक के साथ जनसुनवाई भी आयोजित की जाएगी।उत्तराखंड मानवाधिकार आयोग के अनु सचिव राजेंद्र झिंक्वाण ने जानकारी देते हुए बताया कि आयोग द्वारा बैठक के दौरान विभिन्न वादो की सुनवाई की जाएगी तथा मानवाधिकार से संबंधित मामलों पर विचार-विमर्श किया जाएगा। आयोग द्वारा संबंधित पक्षकारों एवं अधिकारियों को निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं, जिससे वादो का प्रभावी एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने जिलाधिकारी बागेश्वर एवं पुलिस अधीक्षक बागेश्वर से इस संबंध में आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने की अपेक्षा की है।

### साइकिल रैली में छात्र-छात्राओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया

देहरादून,(वीअ)। नगर निगम देहरादून द्वारा आयोजित नैशनल क्लीन एयर प्रोग्राम के तहत देहरादून शहर में बढ़ते एक्यूआई से संबंधित स्वच्छता एवं जागरूकता का प्रशिक्षण का कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम मंगलवार को प्रातः 7 बजे नगर निगम द्वारा पटेल नगर में राजकीय इंटर कॉलेज में थीम 'बर्न कैलोरीज नाट फ्यूल' के लिए साइकिल रैली का आयोजन किया गया। साईकिल रैली बड़ी संख्या में छात्र छात्राओं भाग लिया । महापौर सौरभ थपलियाल ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, इस जागरूकता कार्यक्रम हेतु नगर निगम देहरादून द्वारा संस्था देवभूमि पहाड़ समिति को चयनित किया गया है। एनसीएपी स्वच्छता एवं जागरूकता की इस ड्राइव में महापौर सौरभ थपलियाल के साथ निगम के विश्वनाथ चैहान एवं वार्ड पार्षद आलोक भी मौजूद रहे। रैली के दौरान संस्था द्वारा प्रत्येक छात्र-छात्राओं को जलपान, एक एक टी-शर्ट महापौर द्वारा आवंटित की गई। स्वच्छता की इस रैली का मकसद देहरादून शहर के लोगों को कम फ्यूल इस्तेमाल करने के लिए जगाना था और साइकिल चलाने के लिए जागरूक करना था। रैली की शुरुआत पटेल नगर से शुरू होकर सब्जी मंडी होते हुए पथरी बाग चैक से होते हुए वापस स्कूल में आकर समाप्त की गई। रैली में नगर निगम और विद्यालय के शिक्षकगणों के साथ देव भूमि पहाड़ समिति के सदस्य भी मौजूद रहे।

### नई पीढ़ी के लिए प्रेरणा बने राष्ट्रपति पदक विजेता गोपाल बिष्ट

देहरादून,(वीअ)। कहते हैं कि देश और समाज की सेवा करने का कोई तय वक्त या वर्दी नहीं होती। इस बात को सच साबित कर दिखाया है भवाली (भीमताल) के रहने वाले गोपाल बिष्ट ने। उत्तराखंड अग्निशमन सेवा से रिटायर्ड होने के बाद जहां लोग आराम की जिंदगी चुनते हैं। वहीं गोपाल बिष्ट ने अपनी माटी से जुड़कर समाज को एक नई दिशा देने का फैसला किया। आज वे अपनी उत्कृष्ट जैविक खेती के जरिए न सिर्फ पहाड़ों में स्वरोजगार की मिसाल पेश कर रहे हैं, बल्कि नई पीढ़ी के लिए एक बड़े रोल मॉडल बनकर उभरे हैं।

### सरूणा गांव में आयोजित हुआ दिसा-धियाणियों का मिलन समारोह

घनसाली/टिहरी,(वीअ)। टिहरी जनपद के भिलंगना विकासखंड अंतर्गत ग्राम सरूणा, पट्टी ग्यारह गाँव में दिसा-धियाणियों का मिलन समारोह आयोजित किया गया। इस समारोह में गांव की दिसा-धियाणियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी गईं। यह समारोह सांस्कृतिक विरासत, पारिवारिक आत्मीयता और मायके के प्रति अटूट श्रद्धा का एक अविस्मरणीय उत्सव बन गया। गाँव की दिसा धियाणियों ने अपने मायके के प्रति समर्पण, प्रेम और श्रद्धाभाव का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया। दिसा-धियाणियां द्वारा अपनी कुल देवी माँ भगवती बाला सुंदरी, इष्ट देवता नागराजा, नौंखड़ी नारसिंह देवता, लालसिंह देवता, वीर देवता, माँ भगवती मगरेश्वरी तथा मायके के समस्त पंचनाम देवताओं का पूजन किया गया और आशीर्वाद लिया गया।

## देहरादून के छात्रों ने एसओएफ इंटरनेशनल ओलंपियाड में किया शानदार प्रदर्शन

देहरादून,(वीअ)। शैक्षणिक उत्कृष्टता का शानदार प्रदर्शन करते हुए देहरादून के छात्रों ने साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन (एसओएफ) परीक्षाओं 2025-26 में बेहतरीन सफलता हासिल कर शहर का नाम रोशन किया है। इस वर्ष आयोजित एसओएफ ओलंपियाड में 72 देशों के लाखों छात्रों ने भाग लिया, जिनमें देहरादून के 30 हजार से अधिक छात्र शामिल थे।

प्रमुख प्रदर्शन करने वाले छात्रों में हैप्पी होम मॉन्टेसरी स्कूल की कक्षा 1 की छात्रा मान्या ने इंटरनेशनल इंग्लिश ओलंपियाड (आईईओ) में इंटरनेशनल रैंक 1 प्राप्त की और उन्हें गोल्ड मेडल तथा प्रमाण पत्र से सम्मानित किया जाएगा। वहीं कॉन्वेंट ऑफ जीसस एंड मैरी हाई स्कूल की कक्षा 7 की छात्रा साइमा अकरम ने इंटरनेशनल जनरल नॉलेज ओलंपियाड (आईजीकेओ) में इंटरनेशनल रैंक 1 प्राप्त की और उन्हें गोल्ड मेडल तथा प्रमाण पत्र से सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा दून इंटरनेशनल स्कूल (जूनियर विंग) की कक्षा 4 की छात्रा शनाया सिंह ने इंटरनेशनल सोशल स्टडीज ओलंपियाड (आईएसएसओ) में इंटरनेशनल रैंक 2 प्राप्त की। उन्हें सिल्वर मेडल और प्रमाण पत्र से सम्मानित किया जाएगा। इस उपलब्धि पर प्रतिक्रिया देते हुए साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन के संस्थापक एवं निदेशक महाबीर सिंह ने कहा, ओलंपियाड 2025-26 विद्यार्थियों को उत्कृष्टता हासिल करने और तार्किक सोच विकसित करने के लिए प्रेरित कर रहा है।

## महिला सुरक्षा के संदेश के साथ निकली झांसी ऑन व्हील्स 2.0,तेजस्विनी चैरिटेबल ट्रस्ट ने मनाया 5 वर्ष पूर्ण होने का उत्सव

देहरादून,(वीअ)। महिला सुरक्षा, महिला सशक्तिकरण और सामाजिक जागरूकता का संदेश लेकर तेजस्विनी चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा आयोजित झांसी ऑन व्हील्स 2.0 वूमेन बाइक रैली सीजन 2का भव्य आयोजन आज पैसिफिक मॉल, देहरादून से किया गया। यह आयोजन तेजस्विनी चैरिटेबल ट्रस्ट के 5 वर्ष पूर्ण होने एवं फाउंडर्स डे सेलिब्रेशन के अवसर पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम का फ्लैग ऑफ उत्तराखंड सरकार के कैबिनेट मंत्री प्रदीप बत्रा, समाजसेवी मोंटी कोहली, पूर्व राज्य मंत्री रविंद्र सिंह आनंद, रजत शक्ति एवं देविका सिंह तिवारी द्वारा किया गया। आयोजन का संचालन एवं नेतृत्व तेजस्विनी चैरिटेबल




ट्रस्ट की संस्थापक प्रिया गुलाटी ने किया।

रैली में बड़ी संख्या में महिलाओं एवं युवतियों ने भाग लेकर महिला सुरक्षा, आत्मनिर्भरता और नारी शक्ति का संदेश दिया। हाथों में संदेश लिखे बैनर और बाइक रैली के माध्यम से महिलाओं ने समाज को जागरूक करने का प्रयास किया। कैबिनेट मंत्री प्रदीप बत्रा ने कि महिलाओं को सशक्त बनाना एक मजबूत समाज की पहचान है। तेजस्विनी चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा किया गया यह प्रयास अत्यंत सराहनीय झांसी ऑन व्हील्स ऑन व्हील्स जैसी पहल महिलाओं में आत्मविश्वास और सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने का कार्य कर रही मोंटी कोहली ने कहा, महिलाएँ हर क्षेत्र में अपनी पहचान बना रही हैं और ऐसे आयोजन उन्हें नई ऊर्जा देते झांसी ऑन व्हील्स को महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान के लिए एकजुट होकर कार्य करना चाहिए

पूर्व राज्य मंत्री रविंद्र सिंह आनंद ने कहा, यह चैरिटेबल ट्रस्ट लगातार समाजहित में उल्लेखनीय कार्य कर रहा है यह बाइक रैली महिलाओं के साहस, आत्मविश्वास और शक्ति का प्रतीक है,रजत शक्ति ने कहा कि महिलाओं को सकारात्मक दिशा देने के लिए ऐसे आयोजन ऑन व्हील्स समाज में जागरूकता और प्रेरणा का संदेश देने का कार्य कर रही देविका सिंह तिवारी ने कहा, महिला सुरक्षा आज समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है।

## पर्यावरण के प्रति जनजागरूकता कार्यक्रम संचालित करने के लिए दिया ज्ञापन

मसूरी,(वीअ)। नगर पालिका सभासद गीता कुमाईं ने मसूरी में पर्यावरण संरक्षण के तहत चलाई जा रही मुहिम मिशन ग्रीन मसूरी के तहत मसूरी वन विभाग के क्षेत्राधिकारी को ज्ञापन देकर पेड़ों पर कील पोस्टर लगाये जाने से पेडों को हो रहे नुकसान को रोकने व पर्यटकों को वन टूरिस्ट वन प्लाट के तहत पौधारोपण के लिए प्रोत्साहित करने व मसूरी के प्रमुख पर्यटक स्थलों पर स्वच्छ एवं पर्यावरण के प्रति जनजागरूकता कार्यक्रम संचालित करने के लिए ज्ञापन दिया।



ज्ञापन में कहा कि मालरोड सहित अन्य स्थानों पर पेडों पर कीलें ठोककर पोस्टर लगाये जा रहे हैं, जिससे पेडों को नुकसान हो रहा है, ऐसे में पेड़ों को हो रहे नुकसान को रोकने के लिए जनजागरूकता की जाय। ज्ञापन में मिशन ग्रीन मसूरी के तहत वन विभाग से मांग की गयी कि एक पर्यटक एक पौधा कार्यक्रम चलाकर पर्यटकों को मसूरी के पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित किया जाय, वही स्कूल के बच्चों को प्लांट अंगीकृत करने व जंगलों को आग से बचाने के लिए व प्लास्टिक फ्री मसूरी बनाने के लिए जनजागरूकता कार्यक्रम चलाया जाय।

सभासद गीता कुमाई ने इस संबंध में कहा कि मसूरी की प्राकृतिक सुंदरता एवं पर्यावरण संरक्षण केवल वन विभाग का कार्य नहीं है, बल्कि समाज एवं प्रत्येक नागरिक की साझा जिम्मेदारी है, इसके लिए जन सहभागिता के साथ छोटे छोटे प्रयास किए जाने चाहिए ताकि मसूरी को स्वच्छ, हरित एवं पर्यावरण के अनुकूल बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि मसूरी केवल एक पर्यटक स्थल ही नहीं बल्कि सांस्कृतिक विरासत एवं आने वाली पीढी की अमूल्य धरोहर है।

## ओएनजीसी ने सीएसआर के तहत जीआईसी मोख की प्रदान की शिक्षण सामग्री

चमोली,(वीअ)। सामाजिक सरोकार को लेकर ओएनजीसी शिक्षा स्वास्थ्य और सम सामायिक कार्यो हेतु समय समय पर सकारात्मक भूमिका निभाता आ रहा है। इसी कड़ी में ओएनजीसी ने सोसायटी आफ पीपुल फार डेवलपमेंट (एसपीडी) के माध्यम से निगमित सामाजिक दायित्व के तहत सोमवार को चमोली जनपद के नंदानगर ब्लाक स्थित राजकीय इंटर कालेज मोख को 100 सैट कुर्सी व मेज, शिक्षकों हेतु 12 कुर्सी व 4 मेज, 6 डेल के कंप्यूटर, प्रिंटर, 3 पुस्तकालय हेतु अलमारी, 10 व्हाट बोर्ड, 600 यूपीएस, कंप्यूटर टेबल चेयर आदि सामान ग्राम प्रधान धुर्मा के माध्यम से विद्यालय के प्रधानाचार्य को प्रदान किये । उल्लेखनीय हो कि 17 सितम्बर 2025 को नंदानगर ब्लाक के इस धुर्मा पंचायत क्षेत्र जिसके अन्तर्गत मोख मल्ला तल्ला, धुर्मा, कुन्डी, बांसवाड़ा, सेरा आदि में बादल फटने की घटना ने क्षेत्र के कई गांवों के साथ राजकीय इंटर कालेज मोख को भी भारी क्षति का सामना करना पड़ा था।

विद्यालय में आयोजित एक सादे समारोह में ग्राम प्रधान पुष्पेन्द्र सिंह रावत ने ओएनजीसी के द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किये जा रहे सकारात्मक योगदान की प्रशंसा की। इस मौके पर उप शिक्षा अधिकारी पंकज कुमार उप्रेती ने आ?न लाइन जुड़े और कहा कि विद्यालय को मिली इस सामग्री से बच्चों के पठन पाठन पर उत्तोतर वृद्धि होगी, उन्होंने आशा व्यक्त की कि ओएनजीसी इस क्षेत्र के सरकारी विद्यालयों की मदद को आगे भी जारी रखेगा।

## पालिका ने किया सामान जब्त

मसूरी,(वीअ)। नगर पालिका ने मसूरी देहरादून मार्ग पर रोड किनारे सामान लगाकर बेचने वालों पर कार्रवाई कर करीब दस पटरी लगाने वालों का सामान जब्त किया व चेतावनी दी कि यदि पुनः लगाई तो चालान किया जायेगा। नगर पालिका अधिशासी अधिकारी गौरव भसीन ने बताया कि मसूरी देहरादून मार्ग पर लंबे समय से मसूरी देहरादून मार्ग पर रोड किनारे कारपेट बेचने व टैडिबियर आदि बेचने वालों पर नगर पालिका की टीम ने कार्रवाई की व करीब दस पटरी वालों का सामान जब्त किया वही चेतावनी दी कि यदि दुबारा सामान लगाया तो चालान की कार्रवाई की जायेगी। वहीं पालिका अधिशासी अधिकारी गौरव भसीन ने यह भी बताया कि यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

## 29 मई को देहरादून में ब्रिक्स अकादमिक मध्यावधि सम्मेलन की मेजबानी

देहरादून,(वीअ)। देहरादून में 29 मई को ऑब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन, रिसर्च एंड इंफॉर्मेशन सिस्टम फॉर डेवलपिंग कंट्रीज और दून विश्वविद्यालय के सहयोग से ब्रिक्स अकादमिक मध्यावधि सम्मेलन का आयोजन होगा। यह सम्मेलन भारत की ब्रिक्स अध्यक्षता के मुख्य दृष्टिकोण लचीलापन, नवाचार, सहयोग और सतत विकास के निर्माण की थीम के अनुरूप है। सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को उत्तराखंड के मुख्य सचिव आनंद बर्धन संबोधित करेंगे। इसके उपरांत उत्तराखण्ड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (पीवीएसएम, यूवाईएसएम, एवीएसएम, वीएसएम, सेवानिवृत्त) का एक विशेष वीडियो संदेश प्रसारित किया जाएगा। भारत सरकार के विदेश मंत्रालय में संयुक्त सचिव (बहुपक्षीय आर्थिक संबंध) एवं ब्रिक्स उप-शेरपा, शंभू एल. हक्की इस अवसर पर मुख्य संबोधन देंगे। पर्यावरण अनुसंधान और हिमालयी जलवायु अध्ययन के एक प्रमुख केंद्र के रूप में प्रसिद्ध देहरादून इस मध्यावधि सम्मेलन के लिए एक अत्यंत उपयुक्त स्थल है। ब्रिक्स देशों के प्रमुख विद्वानों, नीति विशेषज्ञों और विचारकों को एक मंच पर लाते हुए, इस सम्मेलन में तीन मुख्य स्तंभों पर विस्तृत विचार-विमर्श किया जाएगारू विभाजित वैश्विक अर्थव्यवस्था के बीच हरित औद्योगिक परिवर्तन, स्वदेशी ज्ञान प्रणालियों के माध्यम से जैव विविधता संरक्षण, एक समान और न्यायपूर्ण हरित बदलाव सुनिश्चित करने के लिए जलवायु वित्त का विस्तार।इस मंच के रणनीतिक महत्व को रेखांकित करते हुए, ऑब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन के अध्यक्ष, श्री समीर सरन ने कहा कि भविष्य के लिए नए रास्ते बनाने के उद्देश्य से ब्रिक्स देशों के बीच सहयोग और आपसी विचार-विमर्श आज पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण हो गया है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि यदि ब्रिक्स देश किसी साझा निष्कर्ष पर पहुंच सकते हैं, तो वे दुनिया के लिए एक मार्गदर्शक मॉडल के रूप में कार्य करेंगे।

## उत्तराखंड में रालोद का बड़ा दांव, 2027 के लिए तैयार किया यह खास

देहरादून,(वीअ)। उत्तराखंड विधानसभा चुनाव 2027 की सियासी बिसात अभी से बिछनी शुरू हो गई है। उत्तर प्रदेश की राजनीति में मजबूत दखल रखने वाला राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) अब देवभूमि उत्तराखंड में अपने पैर पसारने की तैयारी में पूरी ताकत से जुट गया है। पार्टी ने राज्य में खुद को तीसरी राजनीतिक ताकत के रूप में स्थापित करने के लिए सांगठनिक फेरबदल और सदस्यता अभियान तेज कर दिया है।

इसी सिलसिले में बुधवार को राजधानी देहरादून के उज्जवल रेस्टोरेंट में राष्ट्रीय लोकदल खेल प्रकोष्ठ की एक महत्वपूर्ण प्रेस वार्ता आयोजित की गई। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे खेल प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व राज्यमंत्री चैधरी नीरपाल सिंह ने साफ किया कि पार्टी का मुख्य फोकस अब उत्तराखंड के जमीनी कैडर को मजबूत करने पर है। उन्होंने कहा कि मजबूत संगठन ही किसी भी राजनीतिक दल की असली ताकत होता है। इस मौके पर पार्टी कुनबे का विस्तार करते हुए महिलाओं को प्राथमिकता दी गई। एडवोकेट तनिशा, मीनाक्षी कश्यप और पूनम अग्रवाल ने राष्ट्रीय लोकदल की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण की। मुख्य अतिथि चैधरी नीरपाल सिंह ने इन सभी महिला नेताओं को पार्टी का आधिकारिक पटका पहनाकर संगठन में उनका स्वागत किया और उम्मीद जताई कि इससे उत्तराखंड में महिलाओं की भागीदारी बढ़ेगी। केंद्रीय मंत्री और रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चैधरी के निर्देशों का हवाला देते हुए पूर्व मंत्री ने कहा कि पार्टी सीधे जनता से संवाद स्थापित करेगी। इसके लिए बूथ स्तर से लेकर जिला स्तर तक मजबूत कमेटियों का गठन किया जाएगा। उत्तराखंड के युवाओं, खिलाड़ियों और किसानों को जोड़ने के लिए खेल प्रकोष्ठ एक विशेष अभियान चलाएगा ताकि जन-जन की समस्याओं को उठाकर उनका समाधान किया जा सके।

वीर अर्जुन
वर्गीकृत विज्ञापन
Change of Name
I, Deepak Sharma S/o Rajesh Sharma R/o Gate No 3 Eco Town Haldwani, Bari Mukhani, Nainital, Uttarakhand-263139 have changed name of my minor son Bhavy Sharma aged 11 years to Atharv Sharma.
C-40606

उत्तर रेलवे
निविदा सूचना
वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता/उत्तर रेलवे, मुरादाबाद, कृते एवं भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्न कार्यों के लिए खुली निविदा ई-टेंडरिंग प्रणाली के माध्यम से आमंत्रित करते हैं।

| क्र. सं. | निविदा संख्या और कार्य का विवरण | लगभग लागत (रुपये) | अग्रिम धन (रुपये) | निविदा फॉर्म की लागत (रुपये) | निविदा प्रस्तुत करने और निविदा खोलने की अंतिम तिथि और समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | SNT-SigLC-Interlocking-MB इंटरलॉकिंग ऑफ एल सी गेट्स टी यू बी >20000 इन दा सेक्शन ऑफ एडीएसटी/मुरादाबाद ऑफ मुरादाबाद डिवीजन | 7,94,93,467.37 | 15,89,900.00 | Nil | 18.06.2026 15:00 |

नोटः निविदा के पूरा विवरण www.ireps.gov.in पर देखा जा सकता है।
Tender Notice : SNT-SigLC-Interlocking-MB Date: 25.05.2026 1789/2026
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

Shivalik Rasayan Limited
Corporate Office: 1506, Chiranjiv Tower, 43, Nehru Place, New Delhi-19
CIN: L24237UR1979PLC005041Tel: +91 11 47589500 (30 Lines), 26221811/26418182
E-Mail : info@shivalikrasayan.com Website: www.shivalikrasayan.com
Statement of Audited Financial Results (Standalone and Consolidated) for the quarter and year ended on March 31, 2026
Based on the recommendation of Audit Committee, the Board of Directors of the Company, at their meeting held on May 27, 2026, approved the Audited financial results (Standalone & Consolidated) of the Company for the quarter and year ended on March 31, 2026.
The financial results along with Audit Report have been posted on the website of the Company at www.shivalikrasayan.com and can be accessed by scanning the QR code given below:
Place: New Delhi
Date: 27.05.2026
For and on behalf of Board of Directors of Shivalik Rasayan Limited
Sd/-
Rahul Bishnoi
Director
DIN: 00317960